तापमान

अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 तालाब की मेड़ फूटने से किसानों की फसल बर्बाद





12 श्रमिकों को 5 रुपए में स्वादिष्ट भोजन





छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज


**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति और सामान्य सभा का सम्मिलन 25 अप्रैल को सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थायी समिति का सम्मिलन सुबह 11 बजे से होगा, जिसमें शिक्षा विभाग सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत के सामान्य सभा का सम्मिलन दोपहर 12 बजे से होगा। इसमें सभी विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति, जल जीवन मिशन के कार्य और पेयजल की व्यवस्था, विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### प्राथमिक शालाओं में पढ़ाई तिहार आज

**नगरी।** नगरी विकासखंड की सभी प्राथमिक शालाओं में 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार मनाया जाएगा जिसमें 9 प्रवेशी बच्चों के साथ उनकी माताओं को आमंत्रित किया गया है। शिक्षकों द्वारा नव काउंटर लगाए जाएंगे। उन काउंटरों के माध्यम से माताओं द्वारा अपने-अपने बच्चों का मूल्यांकन किया जाएगा। विविध खेल गतिविधियों के माध्यम से एएमसी सदस्य स्मार्ट माता के साथ मिलकर गतिविधियों का संचालन करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को बच्चों की शिक्षा से जोड़ना, बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। यह जानकरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं बीआरजी ने दी है।

### कर्णेश्वर धाम सिहावा में आज मनेगी सेन जयंती

**नगरी।** सेन समाज के अराध्य संत शिरोमणि सेन महाराज की 725 वीं जयंती 25 अप्रैल शुक्रवार को कर्णेश्वर धाम परिसर देऊरपारा सिहावा में मनाई जायेगी। सेन समाज के अध्यक्ष प्रकाश सेन एवं सचिव देवेन्द्र सेन ने बताया कि कर्णेश्वरधाम परिसर स्थित सेन समाज के ईष्टदेव भगवान विष्णु एवं सेन महाराज के मंदिर में सुबह 8 बजे से पूजा-अर्चना कर सेन जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। उसके बाद सेन महाराज की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विचार संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। दिन सर्व सेन समाज का वार्षिक सम्मेलन भी होगा। इस दिन तहसील नगरी एवं बेलरगांव के सभी सेलून एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान सहित गांव गंवई का कार्य बंद रहेगा।



### सामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन 30 को

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में 30 अप्रैल बुधवार को भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष कमलनारायण तिवारी ने बताया कि भगवान की पूजा अर्चना दोपहर 12 बजे एवं भोजन प्रसादी दोपहर 1 बजे होगा। ब्राम्हण समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन शाम 4 बजे समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ओमप्रकाश तिवारी, राजकुमार तिवारी, हरिनारायण तिवारी, द्वारिका प्रसाद तिवारी समेत अन्य जुटे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में तकनीकी शिक्षा के अधीन किया गया

# घाटे का सौदा हुआ बीबीए और बीसीए कोर्स का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के कॉलेजों को अब दोहरी मुसीबत झेलनी पड़ेगी। बीबीए, बीसीए कोर्स को तकनीकी शिक्षा के अधीन कर दिया गया है। ऐसे में जिले के कॉलेजों को दोहरी संबद्धता लेनी पड़ रही है। विवि विद्यालयों को तो कॉलेज से संबद्धता शुल्क देना ही पड़ रहा है। ऑल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन को भी संबद्धता शुल्क देना होगा।

पिछले कुछ साल में छात्रों की रूचि इंजीनियरिंग, आईटीआई, मैनेजमेंट सहित अन्य कोर्स में बढ़ी है। ऐसे में जिले के कॉलेज में पहले से ही छात्रों की कमी है। फंड का भी अभाव है। पहले से मुसीबत झेल रहे इन कॉलेजों को अब नई मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब बीबीए और बीसीए कोर्स को तकनीकी शिक्षा में शामिल किया गया है। जिन कॉलेजों में ये कोर्स संचालित हैं, उन्हें ऑल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन यानी एआईसीटीई से भी संबद्धता प्राप्त करनी होगी है। यही नहीं संबद्धता शुल्क के रूप में उन्हें एआईसीटीई को 40 हजार रुपए शुल्क भी देना पड़ रहा है। इन दोनों ही विषयों को लिए इतनी बड़ी राशि देना कॉलेज प्रशासन पर भारी पड़ रहा है। ऐसे में कई कॉलेज इन दोनों विषयों की फीस बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इन जिन कॉलेजों में ये विषय संचालित हैं, वहां पर इन विषयों के लिए 20-30 सीट ही उपलब्ध है, ऐसे में कॉलेजों को इन विषयों से ज्यादा आवक नहीं होती है। ऐसे में ये विषय संचालित करना कॉलेजों को महंगा पड़ने लगा है।



### पूर्व छात्रों का होगा सम्मान

अधिकांश कॉलेजों में पूर्व छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित होता है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के ऐसे पूर्व छात्र जो विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पदों पर हैं, उन्हें बुलाया जाता है। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लंबे समय से इस प्रकार का कार्यक्रम नहीं हुआ है। अब इसकी तैयारी चल रही है। कॉलेज प्रशासन द्वारा ऐसे छात्रों की सूची तैयार की जा रही है। इसमें कई बड़ी कम्पनियों में उंचे ओहदे पर हैं तो कई प्रशासन में अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर जैसे पद पर हैं। राजनीति में भी कई छात्रों ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। जल्द ही कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर इन छात्रों को बुलावा भेजा जाएगा।

### जिले के कॉलेजों में संचालित है कोर्स

बीबीए यानी बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनीस्ट्रेशन का कोर्स वंदेमातरम कॉलेज, जेनेसिस कॉलेज सहित जिले के कुछ कॉलेजों में संचालित है। इस साल से बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भी इस कोर्स को संचालित करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए कॉलेज प्रशासन द्वारा पहले ही प्रस्ताव भेजा जा चुका है। अब उच्च शिक्षा विभाग की जांच के बाद स्वीकृति का इंतजार है। इस कोर्स में छात्रों को बिजनेस की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। बिजनेस मैनजमेंट, बिजनेस फाइनेंस सहित कई विषय पढ़ाए जाएंगे। बीसीए का कोर्स बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहित जिले के अधिकांश कॉलेजों में संचालित है।

## गर्मी में बच्चे ले रहे जलक्रीड़ा का आनंद




**धमतरी।** भीषण गर्मी में बाहर निकलने पर सूरज की तपन से अंग-अंग जल रहा है। गुरूवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री था। बच्चे जलक्रीड़ा कर इस भीषण गर्मी से निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं। गुरूवार को मॉर्निंग लाइट इंग्लिश मीडियम स्कूल लिमतरा के 40 बच्चे प्राचार्य विभा अग्रवाल, डायरेक्टर श्री ग्वाल और स्टॉफ के साथ रूद्री स्थित चिन्हारी रिसोर्ट पहुंचे थे। रिसोर्ट के स्वीमिंग पूल में साउड बॉक्स पर बज रहे गीतों की धुन पर मस्ती करते नजर आए।

# अलग-अलग रेंज में दो दल के पांच हाथी कर रहे विचरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिकासेर तथा चंदा हाथी दल के पांच हाथी जिले के दो अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहे है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को चंदा दल के दो दंतैल एमई 2, एमई 3 ने ग्राम आलेखुंटा गांव के खेतों को पार करते हुए कक्ष क्र. 69 पारधी के जंगल में प्रवेश किया। इसके बाद दोनों हाथी पारधी बीट से केरेगांव के कक्ष क्र. 66 में प्रवेश किया फिर शाम 6 बजे के करीब ग्राम केंवराडीह के पास भारतमाला 6 लेन को क्रॉस किया है। हाथियों के लोकेशन को देखते हुए धनबुड़ा, पाहंदा, देवगांव, झाझरकेरा, आलूचुवा, सरगी, सोनेवारा, राजपुर, केंवराडीह को अलर्ट किया गया है।



### बिरगुड़ी परिक्षेत्र में तीन हाथी

सिकासेर दल के तीन हाथी शाम 6 बजे बिरगुड़ी से गट्टासिल्ली रोड को पार कर जुनवानी परिसर के कक्ष क्र. 461 पर चले गए हैं। इसकी निगरानी बिरगुड़ी से बांसपानी रोड में की जा रही है। ग्राम भड़सिवना, सातबाहना, गोरसानाला, बांसपानी, टेमलीपारा, जुनवानी, कोंगेरा, कुरमिया को अलर्ट किया गया है। वन मार्ग एवं मुख्य मार्गों पर सावधानी से चलने तथा हाथी दिखने पर वन विभाग को सूचना देने को कहा गया है।

# भीषण गर्मी में बिगड़ने लगी बच्चों की सेहत

- रोजाना 60 बच्चे उपचार कराने पहुंच रहे जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तेज गर्मी में बच्चों की सेहत बिगड़ने लगी है। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना लगभग 60 बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं शिशु वार्ड भी फुल हो चुका है।

ग्रीष्म ऋतु के अप्रैल महीने में ही गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। दिन का तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया है जिसके कारण दोपहर होने के पहले ही गर्म हवाएं चलने लगी हैं। भीषण गर्मी का पशु-पक्षियों के साथ-साथ लोगों पर भी असर दिखने लगा है। विशेषकर बच्चों का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 60 बच्चे उपचार के लिये पहुंच रहे हैं। इन बच्चों में ज्यादातर गर्मी के कारण उल्टी, दस्त, फीवर व लू से पीड़ित हैं। चिकित्सक बच्चों का चेकअप व उपचार के बाद मेडिसीन लिख रहे हैं। वहीं ज्यादा गंभीर बच्चों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। अस्पताल का शिशु वार्ड भी मरीजों से फुल हो गया है।



### तेज धूप में निकलने से बचे : डॉ. अखिलेश


शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश देवांगन ने बताया कि इन दिनों हीट वेव का असर दिखने लगा है जिसके कारण बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। अस्पताल में रोजाना लगभग 60 बच्चे उपचार के लिये पहुंच रहे हैं। डॉ. देवांगन ने कहा कि इस मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पियें। तेज धूप में निकलते समय बच्चे सहित बड़े भी सिर पर कपड़ा बांधकर ही बाहर निकलें। कोशिश करें कि धूप कम होने के बाद ही घर से निकलें। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है। सावधानी आवश्यक है।

# नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक आज, हंगामे के आसार

- पक्ष-विपक्ष के पार्षदों ने लगाए हैं 39 प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम में आज शुक्रवार को सामान्य सभा की पहली बैठक होगी। पार्षदों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का क्रमवार लॉट नगर निगम के सभाकक्ष में स्पीकर कौशिल्या देवांगन की उपस्थिति में निकाला गया है। सोमवार की सुबह 11.30 बजे निगम के सभाकक्ष में लॉट निकालने की प्रक्रिया शुरू की गई। सामान्य सभा के लिए पक्ष-विपक्ष के पार्षदों ने 39 प्रश्न लगाए हैं। बारी-बारी से लॉट पद्धति से प्रश्नों का क्रम तय किया गया। पहले नंबर पर प्रकाश सिन्हा, दूसरे नंबर पर नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उमा ध्रुव, कोमल सार्वा का नाम लॉट से निकला। सामान्य सभा की बैठक में प्रश्न पूछने के लिए एक घंटे का समय निर्धारित है। निर्धारित अवधि में जो प्रश्न शामिल नहीं हो पाएंगे, उनका लिखित में जवाब दिया जाएगा। लाट निकालने के दौरान महापौर रामू रोहरा, उपायुक्त पीसी सार्वा सहित पक्ष-विपक्ष के पार्षद, निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।



# जिपं की सामान्य सभा में गूंजेगा जल संकट का मुद्दा

- जल जीवन मिशन के तहत गांवों में काम तो हुए लेकिन पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला पंचायत की पहली सामान्य सभा की बैठक में जल संकट का मुद्दा गूंजेगा। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में काम तो हुए हैं, लेकिन कई गांवों में पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है। जल जीवन मिशन के ठेकेदारों को भुगतान भी नहीं हुआ है। इन सब मुद्दों पर बहस होगी।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद शुक्रवार को जिला पंचायत की पहली सामान्य सभा की बैठक रखी गई है। बैठक के लिए एजेंडा भी तैयार किया जा चुका है। पहली बैठक होने के कारण ज्यादा विषयों पर चर्चा नहीं होगी लेकिन कुछ विशेष मुद्दों पर सवाल जरूर दागे जाएंगे। इन्हीं में से एक जल संकट का मुद्दा है। अंचल में भयावह गर्मी का दौर शुरू हो गया है। कई गांवों में जल संकट की स्थिति है। लगातार कृषि पंप के चलने से पूरे जिले का जलस्तर नीचे चला गया है। जल जीवन मिशन के तहत जल संकट से निबटने के लिए पूरे जिले में बड़े पैमाने पर काम हुआ है। इसके बाद भी गांवों में लोगों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर भी चर्चा होगी। जहां पर काम कम्पलीट नहीं हुए, उन्हें कम्पलीट करने के चर्चा होगी। यही नहीं कई गांवों में जल जीवन मिशन का काम कम्पलीट होने के बाद भी पानी सप्लाई शुरू नहीं हुई है। इस पर भी चर्चा होगी।



### पूर्व सदस्य का टैंकर पर कब्जा

जिपं सदस्य कविता योगेश बाबर ने बताया कि उनके क्षेत्र के कई गांवों में जल संकट की स्थिति है। ग्राम पंचायत रींवागहन में पूर्व सदस्य ने एक टैंकर प्रदान किया था। भयावह गर्मी के बीच इस टैंकर पर कब्जा कर उन्होंने अपने घर में रख लिया है। उनका कहना है कि इस टैंकर का पैसा नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि पूर्व कार्यकाल में जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्यों ने ग्राम पंचायतों को टैंकर दिए थे। सब को ग्राम पंचायतों को हैंडओव्हर किया जा चुका है। भयावह गर्मी में टैंकर पर कब्जा कर घर पर रखना अच्छी बात नहीं है।

## दो दिन बाद बिजली, बारिश और आंधी की संभावना

# ग्रीष्म लहर की चेतावनी, दोपहर को सड़कों पर पसर जाता है सन्नाटा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बैशाख के महीने में सूरज आग उगलने लगा है। यहां का तापमान 43 डिग्री को टच कर गया है। सुबह 10 बजे से गर्म हवाओं के थपेड़े शुरु हो जाते हैं। दोपहर 12 से 3 बजे तक तेज धूप और गर्म हवाओं से शरीर झुलसने लगा है। लोग गर्मी से बचने स्कार्फ, गमछा, टोपी, छाता का उपयोग कर रहे हैं। वहीं गला तर करने शीतल पेय की मांग बढ़ गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले दो दिनों तक रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर संभाग के एक दो स्थानों में ग्रीष्म लहर चल सकती है। आगामी तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट आने की स्थिति बन रही है। मध्य छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान के 42 से 44 डिग्री रहने की संभावना है।

### आंधी के दौरान क्या करें और क्या न करें

मौसम विभाग ने आंधी, तूफान के दौरान लोगों को क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए, इसकी सूचना साझा की है। बदलते मौसम पर नजर रखें और सुरक्षित जगहों पर जाने को तैयार रहें। वाहन सावधानी से चलाएं और कारों को सुरक्षित स्थानों पर पार्क करें। रेडियो, मोबाइल के माध्यम से मौसम से अपडेट रहें। ऐसी वस्तुओं को सुरक्षित करें जो हवा के साथ गिर सकती है या हवा के साथ उड़ सकती है। आंधी के दौरान पेड़ों के पास न जाएं और उसके नीचे शरण न लें। किसी भी बाहरी गतिविधि को स्थगित कर दें। जल निकायों, तालाबों, झीलों आदि के पास न जाएं।

### लोग गर्मी से हो रहे बेचैन

इन दिनों लोग गर्मी से बेचैन हैं। फील्ड में काम करने वाले लोग सुबह 11 बजे तक तथा शाम 4 बजे के बाद फील्ड कर रहे हैं। दोपहर को शहर सहित गली मोहल्लों की सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। एकतरफ गर्मी से बचने लोग दोपहर को घरों, आफिस, दुकानों में लोग दुबक जाते हैं, वहीं मेहनत मजदूरी करने वाले श्रमिक रेजा, कुली अपने काम में मशगूल भी नजर आ रहे हैं।

### हो सकती है हल्की वर्षा

उत्तर दक्षिण द्रोणिका मध्य छग से विदर्भ तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु होते हुए मन्नार की खाड़ी तक औसत समुद्रतल से 0.9 किमी की उंचाई पर है। शुक्रवार को मौसम शुष्क रहेगा। मध्य छग के एक दो स्थानों में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है, वहीं दो दिनों बाद प्रदेश के एक दो स्थानों में बादल गरजने, तेज हवा चलने के साथ हल्की वर्षा हो सकती है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त


**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी नाथूराम साहू पिता अग्राहिज साहू (62 वर्ष) ग्राम घोघरा के कब्जे से 34 नग देशी प्लेन (रोमियो) शराब कुल मात्रा 6120 एमएल कीमत करीबन 2720 रुपए एवं बाइक को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### जुआ फड़ में छापा, 5 लोगों से साढ़े 22 हजार रुपए, पांच बाइक जब्त

**महासमुंद।** ग्राम नयापारा भलेसर के आम बगीचे में चल रहे जुआ फड़ में कोतवाली पुलिस ने छापा मारकर 5 लोगों के पास से साढ़े 22 हजार रुपए, मोबाइल और पांच बाइक जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कोतवाली पुलिस को 23 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम नयापारा भलेसर आम का बगीचा में जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी की और जुआ खेल रहे तामेश्वर सिन्हा भलेसर, गोविंद कुमार सिन्हा भलेसर, मोहन पटेल भलेसर, मानिकराम नायक पतोरा (फिंगेश्वर) एवं ओंकेश्वर चंद्राकर खैरा को पकड़ा।

## निधन

### राजेंद्र पाण्डेय



**धमतरी।** आमापारा निवासी राजेंद्र पाण्डेय (मां कालिका मंदिर कालिका चौक धमतरी के पुजारी) का आकस्मिक निधन गुरूवार की सुबह 11.30 बजे हो गया। वे स्व. कुलेश्वर प्रसाद पाण्डेय के पुत्र व दामोदर पाण्डेय, मोहन पाण्डेय के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4.30 बजे उनके निवास स्थान आमापारा से शांतिघाट के लिए निकली।

### अशोक पटेल



**धमतरी।** कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी राज धमतरी के संरक्षक व सब्जी विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष अशोक पटेल का निधन हो गया। वे अनिल पटेल, राजकुमार, राजा पटेल के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा आज प्रातः 9 बजे निवास स्थान साल्हेवारपारा धमतरी से निकलेगी।

### विमला नाहर



**धमतरी।** श्रीमती विमला देवी नाहर (धर्मपत्नी सोनराज नाहर धमतरी वाले) का आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा गुरुवार की सुबह निवास बी- 12 नाकोड़ा भैरव सोसाइटी से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकली। यह जानकारी राकेश नाहर परिवार रायपुर-धमतरी ने दी है।

### चैतराम प्रजापति



**नगरी।** डोंगरडुला निवासी चैतराम प्रजापति उम्र 45 वर्ष का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह कृपाराम, पुरूषोतम, प्रेम प्रजापति के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में जीवन बघेल प्रताप साहू पूर्व उपसरपंच, रघुराम यादव, सुकालु साहू, निर्मल साहू, पुरानिक धुव, केशनाथ साहू, कार्तिक विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।




तहसील साहू समाज कुरुद ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती

# ईमानदारी और मेहनत साहू समाज की ताकत है : अरुण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

साहू समाज की सबसे बड़ी ताकत उनकी ईमानदारी और मेहनत है। इसी ताकत की बदौलत समाज ने अनेक क्षेत्र में तरक्की की है। इसी समाज का बेटा लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनकर देश की सेवा कर रहा है। पूरी दुनिया में आज मोदी की धमक है। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कुरुद की पुरानी मंडी में साहू समाज को संबोधित करते हुए कही।

गुरुवार को तहसील साहू समाज कुरूद के तत्वावधान में दानवीर भामाशाह जयंती महोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन पुराना कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साहू समाज की कुलदेवी भक्त शिरोमणि माता कर्मा एवं दानवीर भामाशाह के पूजा-अर्चना एवं आरती से हुई। इस दौरान साहू समाज से चुनकर आये नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंटकर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया।





कार्यक्रम में मालक राम साहू, चितरंजन साहू, देवव्रत साहू, तोरण लाल साहू, केकती साहू, शारदा साहू, मंजु प्रमोद साहू, गायत्री साहू, रामेशर साहू, मनीष साहू, डुमेश साहू, कृष्णकांत साहू, कामता प्रसाद, उत्तम साहू, टिकेश साहू, चंचल साहू, हरिशंकर साहू, भुवनेश्वर साहू, तुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए।

### समाज की दिशा व सोच बदलने की जरूरत

मुख्य अतिथि श्री साव ने समाज संबोधित करते हुए कहा कि दानवीर भामाशाह साहू अपने अदम्य साहस, दानशीलता और देशप्रेम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने महाराणा प्रताप को धन देकर उनकी व मातृभूमि की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वे साहू समाज के ही बेटे थे। हमें गर्व होता है कि हम उस साहू समाज के वंशज हैं। उन्होंने कहा कि हमारा समाज हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा समाज होने के नाते सभी समाज को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी भी हमारी है। इसके लिए समाज की दिशा और सोच बदलने की जरूरत है।

### संख्या बल से नहीं बल्कि विचार से महान बनें

कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि चंदूलाल साहू अध्यक्ष छग राज्य भंडार निगम ने कहा कि दानवीर भामाशाह साहू समाज के गौरव हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज के कल्याण के लिए यथाशक्ति दान करना चाहिए। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों एवं शादी ब्याह में किए जाने वाले फिजूलखर्ची का खुले मंच से विरोध करते हुए इस पर रोक लगाने की बात कही। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि विचार बड़ा होना चाहिए। संख्या बड़ी होने से कोई महान नहीं होता। सामाजिक समरसता हमारा मूल होना चाहिए। दूसरे समाज से हमारे रिश्ते कैसे हैं। यह बड़ी बात है। समाज में अनुशासन बहुत जरूरी है। अगर अनुशासन भंग होता है तो विकृति पैदा होती है। हमें अनुशासन का पालन करना चाहिए।

### साहू छात्रावास भवन के लिए 25 लाख की घोषणा

तहसील साहू संघ अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने स्वागत भाषण के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव से छात्रावास भवन की मांग की जिस पर डिप्टी सीएम ने 25 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम को साहू समाज धमतरी के जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन हरिनारायण साहू एवं आभार प्रदर्शन रघुनंदन साहू ने किया।

## सीएम से मिले अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अजजा मोर्चा एवं वक्फ बोर्ड के संदर्भ में चर्चा हुई। मौके पर अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत सोमावार, अजजा मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव, अजजा मोर्चा सूरजपुर के जिलाध्यक्ष कौशल सिंह व रवि पिल्ला उपस्थित थे।

## प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम कपालफोड़ी में एजुकेशन फाउंडेशन असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का 30 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। एक सम्मान समारोह आयोजित कर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट) वितरित किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती हेमिन साहू, अध्यक्ष आदिवासी समाज कन्हैया लाल, अध्यक्ष महिला आदिवासी समाज, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ट्रेनर महेंद्र साहू, प्लेसमेंट को-ऑर्डिनेटर हेमराज साहू, मेंटर श्रीमती ईश्वरी ठाकुर उपस्थित थे।





## भाजपा ने मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जम्मू कश्मीर में इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा हिंदू परिवार को लक्ष्य बनाकर हत्या किए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी नगरी मंडल ने बजरंग चौक में दीया, मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। उनकी याद में एक मिनट का मौन धारण किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, रूपेन्द्र साहू, महेंद्र नेताम, शिवशंकर साहू, डिकेश साहू, दुर्गेश साहू, भागीरथी साहू, भूपेंद्र साहू, अशोक पटेल समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल सिंगपुर में स्थानीय परीक्षाफल घोषित

■ विद्यालय को उत्कृष्ट स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : चंद्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में स्थानीय परीक्षा फल की घोषणा की गई। शाला प्रबंधन और विकास समिति के अध्यक्ष धनंजय साहू ने अपने जन्मदिवस न्योता भोज का आयोजन किया। 15 अप्रैल को कक्षा 9वीं और कक्षा 11वीं स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ व्हीपी चंद्रा, मुख्य अतिथि धनंजय साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन और विकास समिति, विशिष्ट अतिथि सरपंच लोमेश्वर साहू, ज्योति तिवारी उपसरपंच सिंगपुर, ईशाक खान विधायक प्रतिनिधि, अयूब खान, एचएल साहू सेवानिवृत व्याख्याता थे। सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ व्हीपी चंद्रा ने कहा कि हम अपने विद्यालय को उत्कृष्ट स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूरा सत्र हमने इस दिशा में पूरी ईमानदारी से कार्य किया। हमारी मेहनत का परिणाम निश्चय ही आने वाले बोर्ड के परिणाम में भी दिखेगा। मुख्य अतिथि धनंजय साहू ने कहा कि हमारी शाला विकास समिति हर स्तर पर विद्यालय के हित में कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम को ईशाक खान, अयूब खान, एचएल साहू ने भी संबोधित किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मैडल और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण कौशल व्याख्याता ने किया। कार्यक्रम में आरके साहू, जीएस नेताम, आरबी मारकोल, डीके देवांगन, आरएस साहू, एलके भांडे, रीना ध्रुव समेत शाला परिवार का सहयोग रहा।



## दिव्यांग को मिली ट्राइसिकल और बैसाखी



**नगरी।** जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, ग्राम आमदी की सरपंच उमेश्वरी मनोहर नेताम ने दिव्यांग सोनसिंग मरकाम ग्राम पलारीखार आमदी को ट्राइसिकल और बैसाखी प्रदान की।

## पीजी के छात्रों ने किया योगाभ्यास

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमारपाठक तथा आईक्यूएसी और प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद के मार्गदर्शन में फिट फ्यूजन कार्यक्रम अन्तर्गत योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कल्याणी बघेल ने कराया। उनके द्वारा ज्ञान मुद्रा, सूर्य मुद्रा, प्राण मुद्रा, पृथ्वी मुद्रा, भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार, शवाशन, वज्रासन, पदमासन, काक आसन, धनुरासन का योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में भीखमलाल सायतोड़े, अतिथि व्याख्याता डॉ. उमा द्विवेदी, दिपाली साहू के साथ विभिन्न संकाय के विद्यार्थी शामिल हुए।

## साय सरकार में विकास को मिल रही गति : अमन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ क्षेत्र के विकास के लिए राशि स्वीकृत



भाजपा रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने बताया कि विष्णुदेव साय की सरकार में सभी कार्य सांय-सांय पूर्ण हो रहा है। अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र प्राधिकरण आयोग से शेड निर्माण डबरीपारा रांवा के लिए 15 लाख, टिन शेड निर्माण दरगहन में 10 लाख, वर्कशेड कार्य हनुमान मंदिर धौराभाठा में 6 लाख, सामुदायिक भवन यादवपारा कांशीपुरी में 7:50 लाख, सामुदायिक भवन साहू पारा तेलीनसत्ती में 10 लाख, शेड निर्माण साहू भवन धौराभाठा में 15 लाख, सामुदायिक भवन कलामंच बागतराई के लिए 10 लाख की स्वीकृत मिली। इसी प्रकार अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण आयोग से सीसी रोड तेलीनसत्ती में 10 लाख, सीसी रोड, पानी टंकी तेलीनसत्ती में 19:99 लाख, कांक्रीटीकरण कार्य तालाब मैदान रांवा में 19.99 लाख, सीसी रोड मेनरोड से हायर सेकेंडरी कुर्रा के लिए 19. 99 लाख की प्रशासकीय स्वीकृत मिली है।

क्षेत्र के विकास के लिए राशि स्वीकृत होने पर रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव समेत क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा, पूर्व विधायक रंजना साहू, रायपुर ग्रामीण प्रभारी डेनिश चन्द्राकर का आभार माना। वहीं मुरारी यदु, बालाराम साहू, चिरौंजी साहू, भगत यादव, राजू चंद्राकर, दमयंती साहू, देहुति साहू जनपद सदस्य, बिसौहा राम, परमेश्वर साहू, चन्द्रेश चांद सरपंच, पितेश टंडन सरपंच, महेश साहू, मानिक साहू, ज्ञानिक साहू, केशव साहू, झमित सिन्हा सरपंच, राकेश सिन्हा, परमेश्वरी सिन्हा, किरण सिन्हा, बोहरिक ध्रुव, भुनेश्वरी साहू सरपंच, फतेश्वरी साहू जनपद सदस्य, फागेश्वरी साहू जनपद सदस्य, प्रभुराम साहू, धनीराम साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

कुल 93 सदस्यों ने अपने मतों का किया प्रयोग

# अधिवक्ता संघ कुरुद के रमेश अध्यक्ष व यशवंत सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

अधिवक्ता संघ कुरुद का चुनाव मतदान के तहत हुआ जिसमें कुरुद, भखारा मगरलोड के अधिवक्ताओं ने अपने मतों का प्रयोग कर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए वोट डाला। कुल 93 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद हेतु रमेश पांडेय, ओमप्रकाश चंद्राकर, एकनाथ साहू के मध्य त्रिकोणीय मुकाबला था। अध्यक्ष हेतु रमेश पांडेय अपने निकट प्रतिद्वंदी ओमप्रकाश चंद्राकर को परास्त कर 7 वोटों से विजयी हुए। चुनाव में रमेश पांडेय को 47 वोट, ओमप्रकाश को 40वोट व एकनाथ साहू को 5वोट प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष हेतु नरेश डिंगरे और हेमंत सिन्हा के मध्य सीधा मुकाबला हुआ जिसमें नरेश डिंगरे ने 69 व हेमंत सिन्हा ने 23 वोट प्राप्त किया। इस प्रकार अधिवक्ता रमेश पांडेय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अधिवक्ता नरेश डिंगरे चुनाव जीत कर निर्वाचित हुए वहीं सचिव हेतु यशवंत साहू, सहसचिव हेतु श्यामशंकर चंद्राकर, कोषाध्यक्ष हेतु महेंद्र साहू, कीड़ा सचिव हेमंत निर्मलकर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।



चुनाव अधिकारी गुणवंत सोलंके, सहायक चुनाव अधिकारी यजुवेंद्र साहू ने उक्त चुनाव को सम्पन कराया।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ कुरुद के संरक्षक एलपी गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र साहू, एलपी द्विवेदी, आईएस परमार, मुकेश साहू, मायाराम साहू सहित वरिष्ठ अधिवक्ता बीडी साहू, रमेश सिन्हा, रमाकांत चंद्राकर, सूरज लम्बा, प्रदीप यादव, तरुण यदु, संतोष बैस, दीपक परमार, मनहरण भारद्वाज, अनेन्द्र साहू, राजेन्द्र सार्वा, सुमन प्रकाश ठाकुर, दीपक साहू, राकेश साहू, पवन साहू, अशोक पटेल, मोहेंद्र चंद्राकर, दीपक परमार, तरुण, तोरण साहू, जीवराम ध्रुवंशी, जितेंद्र तेलासी, जय प्रकाश साहू, अरविंद साहू, राजेश साहू, जालम सिंग साहू, तोश कुमार चक्रधारी, गुलेश्वर साहू, राकेश देवांगन, खेमन निर्मलकर, गिरधर साहू, बलदाऊ साहू, कमल रात्रे, कमल नारायण साहू, पवन साहू, जागेन्द्र, चंद्रशेखर सिन्हा, अश्वनी चंद्राकर, लोकेश दत्त भार्गव उपस्थित थे।

## बस स्टैंड में अज्ञात वाहन ने गाय को मारी ठोकर



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बिरगुड़ी के बस स्टैंड में एक अज्ञात वाहन ने गाय को ठोकर मार दी। गाय बुरी तरह घायल हो गई। इसकी जानकारी अखिलेश साहू ने हिंदू जागरण मंच को दी। तत्काल संगठन के लोग पहुंचे। उन्होंने पशु चिकित्सक को बुलाया। चिकित्सक ने गाय को इंजेक्शन और मरहम लगाया। इस दौरान हिंदू जागरण मंच खंड नगरी के संयोजक करण सेन, सहसंयोजक शिवांश साहू, मोहित जैन, सतीश भास्कर, केशव साहू, गिलवील, जीवन साहू, कुलेश यादव, यशवंत देवांगन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हेमंत 87 प्रतिशत पाकर कक्षा नवमी में रहे प्रथम

**बसना।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक स्कूल बसना का हिंदी माध्यम संकाय के नवमी कक्षा का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कुल 115 छात्रों में से बंसुला ग्राम निवासी रूपानंद साव एवं कुंजलता साव (मोहिनी) के अनुज पुत्र होनहार विद्यार्थी हेमंत कुमार साव ने कक्षा नवमी में सबसे अधिक 87 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हेमंत ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है, जिनके मार्गदर्शन में अच्छी शिक्षा प्राप्त किया।

### पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह 26 पर्यटकों की हत्या की है, वह अत्यंत निंदनीय तथा कायराना कृत्य है। रामेंद्र प्रकाश गिरि ने कहा कि कश्मीर की संपूर्ण आर्थिक व्यवस्था पर्यटन पर टिकी हुई है, परंतु पहलगाम की घटना से ना सिर्फ कश्मीर में पर्यटन उद्योग प्रभावित होगा अपितु दो समुदायों के बीच अविश्वास की भावना पनपेगी, जो अच्छा नहीं है। इस अवसर पर विजय पुरी, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, शुभम भारती ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त किया है कि भारत सरकार बहुत जल्दी इस घटना का बदला लेते हुए कश्मीर घाटी को आतंक मुक्त करेगी।

### खल्लारी में 51 कुंडीय वैदिक महायज्ञ हुआ

**महासमुंद।** सनातन योग वेलनेस फाउंडेशन द्वारा आयोजित 51 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ हुआ। समापन योग यज्ञ एवं स्वस्थ उपदेश के साथ नियमित योग पाक्षित यज्ञ के दिव्य प्रेरणा के साथ सनातन के लिए संगठित एवं राष्ट्र हित के कार्यों के संकल्प के साथ कार्यक्रम की पूर्णाहुति हुई। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए टीम के कार्यकारिणी जिला संयोजक रमन वैष्णव, तहसील संयोजक मदन साहू, जिला योग समन्वयक देवेंद्र दीवान, तहसील कृषि एवं गौ से प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हीरालाल चंद्राकर एवं ग्राम के सरपंच पुष्पेंद्र साहू, ग्राम के उपसरपंच तारेश साहू का एवं विशिष्ट सहयोग के लिए जिलाध्यक्ष धर्मश्व एवं संस्कृति रक्षा पूरन शबर का आर्य प्रकाश चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया।

### खपराखोल जंगल में करंट बिछाकर किया जंगली सुअर का शिकार, दो गिरफ्तार

**पिथौरा(ग्रामीण)।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खपराखोल के जंगल में करंट फैलाकर जंगली सुअर का अवैध शिकार करने के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 50 और 51 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डडसेना ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा जंगल से लगे खेतों में करंट फैलाकर जंगली जानवरों का शिकार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में सामने आया कि ग्राम खपराखोल निवासी भारत पिता तुलाराम जाति तेली एवं यशवंत पिता नरेश ठाकुर एवं अन्य ने खेत में नंगे बिजली के तार बिछाए थे और उनमें विद्युत करंट प्रवाहित कर दिया गया। इसी करंट की चपेट में आकर एक जंगली सूअर की मौके पर ही मौत हो गई। वन विभाग ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया, जबकि इस अवैध शिकार कांड में संलिप्त अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। जिनकी तलाश जारी है। गौरतलब है कि वन परिक्षेत्र पिथौरा में पिछले एक सप्ताह के भीतर गिरना, बुंदेली, भिथीडीह और खपराखोल के जंगलों में कुल तीन चीतल और एक जंगली सुअर की मौत हो चुकी है।

जनदर्शन, विधायक, जनपद पंचायत में शिकायत करने के बाद भी मरम्मत नहीं

# तालाब की मेड़ फूटने से किसानों की फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



विकासखंड नगरी के वनग्राम गोविंदपुर के ग्रामीण जनदर्शन में पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम गोविंदपुर से बटनहर्रा डोंगरडुला नगरी मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्ग पर तालाब है। इस वर्ष बारिश होने से मेड़ फूट गई। पानी के बहाव से 5 से 6 किसानों की फसल बर्बाद हो चुकी है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मेड़ की मरम्मत की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां की जनसंख्या 1100 है। इसके आश्रित ग्राम नेगीनाला है। गोविंदपुर ग्राम पंचायत से विकासखण्ड मुख्यालय की दूरी 19 किलोमीटर है। नगरी मुख्यालय आने जाने व कृषि कार्य हेतु तालाब मार्ग से आवागमन होता है जो वर्तमान में प्रभावित हो चुका है। यह निस्तारी तालाब भी है। मेड़ के फूटने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि चारपहिया वाहन का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। मोटरसाइकिल, साइकल वाले जान जोखिम डालकर तालाब मेड़ पर चलते हैं। किसी प्रकार का सूचना बोर्ड जानकारी के लिए नहीं लगाया गया है।

मेड़ के फूटने से किसान भैयालाल नेताम, महरिन बाई मरकाम, जगबती, पकलाल नेताम की फसल बर्बाद हो गई है। पूर्व सरपंच रोहित मरकाम, झुमुकलाल मरकाम, प्रेम बाई नेताम, राय बाई, शोभाराम सलाम, दीपक नेताम, शीतल मरकाम, सुखनती नेताम, रतनी बाई सलाम, ज्योति नेताम पीयूष कुमार ने आवेदन दिया है। अक्टूबर 2024 में आवेदन के माध्यम से कलेक्टर जनदर्शन में विधायक, जनपद पंचायत नगरी, वन विभाग को तालाब रिपेयरिंग की मांग के लिए आवेदन दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि 4 माह पहले कृषि विभाग के अधिकारी योगेन्द्र पैकरा ने इसका निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व सरपंच रोहित मरकाम, झुमुकलाल मरकाम, देवलाल मरकाम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे। परंतु आज तक ग्राम पंचायत को तालाब निर्माण को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली है। ग्रामीणों का कहना कि कुछ महीन बाद बारिश का मौसम आने वाला है जिसमें तालाब मेड़ बह जायेगी। ग्रामीणों ने सुशासन तिहार पर आवेदन कर समस्या के निराकरण की मांग की है। इस संबध में विधायक अंबिका मरकाम से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि आवेदन को शासन-प्रशासन को भेज दिया गया है।

## राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश

- अपर कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने ने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित नामान्तरण एवं बंटवारा के सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में विवादित एवं अविवादित नामांतरण, विवादित एवं अविवादित बटवारा, नक्शा बटांकन, व्यपवर्तन, अभिलेख शुद्धता, आरबीसी 6-4, स्वामित्व योजना, आधार प्रविष्टि, भू-अर्जन, वसूली आदि प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए नक्शा बटांकन के कार्य में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने निर्देश दिये। साथ ही न्यायालयवार ई-कोर्ट की प्रगति, डायवर्सन, आधार सीडिंग, भू-अर्जन के प्रकरणों, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 सहित मुख्यमंत्री जन शिकायत और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों पर भी गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई करने कहा।

## पीएम श्री केंद्रीय स्कूल के विद्यार्थी ताइक्वांडो खेलने कोरबा रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद के विद्यार्थी ताइक्वांडो में रीजनल खेलने कोरबा रवाना हुए हैं। कक्षा दसवीं की छात्रा रश्मि साहू पिता यदुनंदन साहू का खेल के प्रति अत्याधिक झुकाव शुरुआती कक्षाओं से ही रहा है।

वह शुरू से ही ताइक्वांडो की बारीकियों को कुशलता पूर्वक समझकर अपने कोच के बताए गए टिप्स पर मेहनत कर अपनी एकाग्रता का लोहा पहले ही मनवा चुकी हैं। इसी तारतम्य में सत्र 2024-25 में संस्था के प्राचार्य और शिक्षकों की काफी मेहनत का ही परिणाम है कि इस बार भी संभाग रायपुर से बहुत बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारने हेतु उत्साहित हैं।

संस्था के प्राचार्य ग्लोरिया मिंस, शिक्षण स्टाफ उनके माता-पिता तथा उनके मित्रों ने अच्छा प्रदर्शन कर संस्था, शहर का मान सम्मान बढ़ाने की बात करते हुए प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उन्हें कोरबा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर श्रीमती तनुजा साहू, वैष्णवी साहू, डॉक्टर गणेश प्रसाद साहू उपस्थित थे।

## जिले के 100 प्रतिभावान छात्रों को जेईई, नीट की नि:शुल्क कोचिंग दी जा रही

- छात्रों को कोचिंग से संबंधित पुस्तकें व अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के टाप 100 विद्यार्थियों को जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की ओर से देश के प्रतिष्ठित प्री-एग्जाम जेईई, नीट की तैयारी के लिए हाईक्लास कोचिंग नि:शुल्क दी जा रही है। अब जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को कोटा राजस्थान, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर जैसे महंगे कोचिंग संस्थान में जाने की जरूरत नहीं है। कोचिंग पूरी तरह नि:शुल्क है। छात्रों को कोचिंग से संबंधित पुस्तकें व अन्य सामग्री भी शासन द्वारा मुहैया कराई गई है।

जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि यह योजना जिला प्रशासन की है, जिसे उमंग अभियान नाम दिया गया है। नीट जेईई जैसी महंगी कोचिंग से बचाने प्रतिभावान बच्चों के लिए शहर में सुविधाएं नि:शुल्क मुहैया कराई जा रही है। इसकी शुरूआत 28 मार्च से शुरू हो गई है जिसके लिए मेनोनाईट हिंदी स्कूल को चिन्हांकित किया गया है। यहां बच्चों के लिए बैठने और उच्चस्तरीय विशेषज्ञ टीचरों की व्यवस्था की गई है। कोचिंग कक्षा सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक चल रही है। डेढ़-डेढ़ घंटे के चार सत्र हैं। भोजन अवकाश के अलावा स्टेडी मटेरियल उपलब्ध कराया गया है। मॉक टेस्ट के माध्यम से प्रतिदिन तैयारी करवाई जा रही है। विषय विशेषज्ञ टीचरों के माध्यम से क्लास में विद्यार्थियों का प्रश्नों का समाधान किया जा रहा है। कम समय में पेपर अच्छा बनाने के गुर सिखाए जा रहे हैं ताकि न्यूनतम समय में सभी प्रश्नों का सही उत्तर लिखा जा सके।

श्री जगदल्ले ने बताया कि 4 मई को नीट का एग्जाम है। कोचिंग में रिफ्रेसर प्रश्नों का उत्तर दिया जाएगा। जिले के सभी सरकारी, निजी स्कूलों के प्रतिभावान बच्चे शामिल हैं। कोचिंग में आने वाले बच्चों को रात्रि विश्राम के लिए आवास की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई है।

श्री जगदल्ले ने बताया कि कोचिंग के माध्यम से बच्चों को स्टडी के तरीके, सफलता के टिप्स दिए जा रहे हैं। कोचिंग के माध्यम से पिछले तीन वर्षों के प्रश्न पत्रों का हल, मॉक टेस्ट, मजबूत टापिक्स-विषय पर लेक्चर दिया जा रहा है। विषय की पढ़ाई, करियर के संबंध में शंका और जिज्ञासाओं के समाधान के साथ प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी पर फोकस किया जा रहा है।

## गरीबों के आशियाने पर चल रहा बुलडोजर : योगेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर पालिक निगम द्वारा इन दिनों लगातार अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को लेकर ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने इसे केवल गरीबों को परेशान करने एवं राजनीतिक दुर्भावना बताया है। भाजपा सरकार की इस बुलडोजर नीति से देश के हर नागरिक परिचित और परेशान हैं और यही बुलडोजर नीति निगम में बैठे भाजपा के नेताओं द्वारा शहर में गरीब परिवारों के आशियाने को तोड़ने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से नियम क़ानून में फंसाकर विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के घर को तोड़ा जा रहा है। निगम में भाजपा के शासन आने के बाद निम्न वर्ग के लोग लगातार प्रताड़ित हो रहे हैं जबकि शहर में रसूखदारों द्वारा गैर कानूनी तरीके से कब्जा जमाया गया है। ऐसी जगहों पर कार्रवाई करने निगम प्रशासन के हाथ पांव फूल रहे हैं।

## आवेदकों को मिला श्रम पंजीयन कार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन से प्रदेशवासियों का विश्वास मजबूत हुआ है। इसी विश्वास और आस के साथ लोग बड़ी संख्या में सुशासन तिहार में अपनी समस्या-शिकायतों को शासन-प्रशासन के सामने रखा।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि सुशासन तिहार में लोकेश्वर, रामहीन बाई और दसरी बाई ग्राम रींवागहन, विजय कुमार जालमपुर वार्ड ने श्रम पंजीयन कार्ड बनाने की मांग की थी, जिस पर कार्यवाही करते हुए श्रम विभाग ने जांच कर तत्काल पंजीयन किया।

श्रम विभाग द्वारा महतारी जतन, छात्रवृत्ति, नोनी सशक्तिकरण, मृत्यु पर परिवार को सहायता, सियान योजना, पेंशन योजना, साइकिल, सिलाई मशीन तथा अन्य उपकरण प्रदान करने से संबंधित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्रमिक पंजीयन कराकर पात्र हितग्राही इनका लाभ ले सकते हैं। श्रमिक कार्ड बनने से अब उन्हें श्रम विभाग से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

## जिले के 10 शिक्षकों को मिलेगा एफएलएन सह नवाजतन वॉरियर्स सम्मान

- 26 अप्रैल को एससीईआरटी छग के संचालक ऋतुराज रघुवंशी करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के 10 शिक्षक एफएलएन सह नवाजतन वॉरियर्स सम्मान से 26 अप्रैल को एससीईआरटी छग के संचालक ऋतुराज रघुवंशी के हाथों सम्मानित होंगे। एफएलएन सह नवाजतन वॉरियर्स सम्मान के लिए राज्य के 1500 शिक्षकों ने चुनौती स्वीकार की थी कि उनके बच्चे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 100 प्रतिशत दक्षता हासिल कर रहे हैं आइए और हमारे बच्चों का आकलन कीजिए। इस प्रकार की चुनौती 5 फरवरी तक गूगल फॉर्म के माध्यम से भरा गया था। आकलन के पहले चरण में ऑनलाइन अवलोकन किया गया तथा दूसरे चरण में ऑफलाइन अवलोकन एफएलएन कोर टीम के सदस्य जिला प्रभारी एफ एल एन डाइट प्रभारी ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी ,बीआरसीसी, एसआरजी द्वारा अवलोकन किया गया जिसमें धमतरी जिले के 10 शिक्षक चयनित हुए और पूरे छत्तीसगढ़ में धमतरी जिला द्वितीय स्थान पर है। चयनित शिक्षक शासकीय उन्नत प्राथमिक शाला मुड़पार से रमेश कुमार यादव, श्रीमती माहेश्वरी सिन्हा, श्रीमती उर्मिला नेताम, श्रीमती शशि कला जाधव, शासकीय प्राथमिक शाला पुरी से श्रीमती वेदिका ध्रुव, शासकीय प्राथमिक शाला बुडरा से डिगेश कुमार कश्यप, शासकीय माध्यमिक शाला बोड़रा से गोविंद राम निषाद, शासकीय प्राथमिक शाला रामनगर सांकरा से श्रीमती दीक्षा सूर्यवंशी, शासकीय प्राथमिक शाला मधुबन पारा रांकाडीह से छगनलाल विश्वकर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला कुंडेल से जितेंद्र कुमार पाल हैं।

इनकी इस उपलब्धि पर टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी, एफएलएन टीम जिला प्रभारी डाइट नगरी से श्रीमती संगीता रनघाटी व्याख्याता, अमित तिवारी बीईओ धमतरी, ललित सिन्हा बीआरसीसी, राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा एसआरजी, श्रीमती अनुसुइया सिन्हा एसआरजी, नगरी ब्लाक से कलीराम साहू बीईओ, प्रकाशचन्द्र साहू बीआरसीसी, श्रीमती महेश्वरी ध्रुव एबीईओ, महेन्द्र कुमार बोर्झा एसआरजी, डिगेश कुमार कश्यप एसआर जी, मगरलोड ब्लाक से मनीष ध्रुव बीईओ, तामेश्वर ठाकुर बीआरसीसी, संतोष साहू एसआरजी कुरूद ब्लाक से चन्द्रकुमार साहू बीईओ, कुलेश्वर सिन्हा बीआरसीसी, हरेन्द्र कुमार साहू एसआरजी ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खो-खो अंडर-14 में केवि धमतरी और अंबिकापुर ने जीत दर्ज की



- पीएम श्री केवि में संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय धमतरी में 24 से 26 अप्रैल तक चलने वाली केवीएस रायपुर संभाग की संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन गिरीश बाबू कुश्तवार प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय धमतरी ने किया। श्री कुस्तवार ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन और प्रतियोगिता प्रति वर्ष आयोजित की जाती है। वरिष्ठ शिक्षक पीएल साहू ने कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी है। खेल शिक्षक एसके पांडे ने कहा कि इस प्रतियोगिता में खो-खो बालिका और राइफल शूटिंग के बच्चे भाग ले रहे हैं, जो छत्तीसगढ़ के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए हुए हैं। यहां खो-खो अंडर-14 बालिका की 4 टीम तथा अंडर-17 की 8 टीम प्रतियोगिता में भाग लेंगी जिसमें कुल 156 प्रतिभागी है। राइफल शूटिंग के कुल 18 प्रतिभागी हैं। खो-खो अंडर-14 प्रतियोगिता में गुरूवार को दो मैच हुए जिसमें केवि धमतरी ने केवि बीएमवाई भिलाई को तथा केवि अंबिकापुर ने रायगढ़ को हराया। खो-खो अंडर-17 प्रतियोगिता में तीन मैच हुए जिसमें केवि धमतरी ने राजनांदगांव को, केवि जगदलपुर ने कोरबा नंबर 2 को तथा केवि झगराखंड ने सीआरपीएफ बिलासपुर को हराया। राइफल शूटिंग बालिका वर्ग अंडर-19 प्रतियोगिता में 10 मी पीप साइट एयर राइफल में केवी धमतरी की स्वास्तिका सिंह प्रथम स्थान पर रहीं।

राइफल शूटिंग बालिका वर्ग अंडर-14 प्रतियोगिता में 10 मी ओपन साइट एयर राइफल में केवि धमतरी की श्रेया देवांगन पहले एवं सौम्या सोनबेर दूसरे स्थान पर रहीं। 10 मी पीप साइट एयर राइफल में केवि रायपुर नंबर 2 के मानस कन्नौजे प्रथम स्थान पर रहें।

10 मी ओपन साइट एयर राइफल में केवि धमतरी की नेहा मांडवी प्रथम एवं सुरभि साहू द्वितीय रहीं। प्रतियोगिता में संभाग के 13 विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से 174 प्रतिभागी व अनुरक्षक शिक्षक शामिल हो रहे हैं। इस दौरान केविएमसी सदस्य डॉ अजय कुमार साहू, स्पोर्ट एक्सपर्ट साक्षी चंद्राकर, खो-खो फेडरेशन के सदस्य उमेश निर्मलकर, मोतीलाल, सुनील कुमार सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, अनिल डड़सेना, ओमप्रकाश पांडे, संदीप राव बाबर, हेमराज सिंह, संदीप सिंह, हेमंत चक्रधारी, डीआर साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रेस क्लब ने दी पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों एवं विदेशी सैलानियों पर हमला किया। इससे कई लोग मारे गए। इससे पूरे देश में आक्रोश है। वहीं इस मामले में भारत सरकार कड़ा रुख अपना रही है। मृतकों को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला भी लगातार जारी है।

गुरुवार को धमतरी प्रेस क्लब में पत्रकारों ने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बारूद का जवाब बारूद से देना चाहिए। अब आर-पार की लड़ाई होनी चाहिए। आतंकी भारत की धैर्य की परीक्षा न ले। भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। श्रद्धांजलि सभा में दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता, एमए फहीम, मेघराज ठाकुर, मोहम्मद शाह अहमद, नरेश श्रोती, प्रेम मगेंद्र, विशाल ठाकुर, सुनील शर्मा, नरेश राखेचा, राजेश रायचुरा, उमेश बशिष्ट, पवन तिवारी, डॉ. भूपेंद्र साहू, पवन साहू, विक्रांत शर्मा मौजूद थे।

## बालिकाओं और महिलाओं को हर जगह सुरक्षा का एहसास होना चाहिए : रजवाड़े

- महिला एवं बाल विकास मंत्री ने किया सखी सेंटर और वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने धमतरी प्रवास के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर और जीवन संध्या वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण कर यहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सखी वन स्टाप सेंटर में महिलाओं को एक ही छत के नीचे दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सखी वन स्टाप सेंटर में अब तक प्राप्त प्रकरणों के बारे में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से पूछा। उन्होंने कहा कि बालिकाओं और महिलाओं को हर जगह सुरक्षा का एहसास होना चाहिए। इसके लिए उचित वातावरण और जरूरी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश श्रीमती रजवाड़े ने अधिकारियों को दिए।

उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर में आने वाली महिलाओं को समय पर हरसंभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि हिंसा के मामलों में पीड़ित महिलाओं सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा नि:शुल्क कानूनी, पुलिस, मनोवैज्ञानिक परामर्श, चिकित्सकीय सुविधा एवं साथ ही अस्थायी आश्रय की सुविधा प्रदान की जाती है। मंत्री श्रीमती रजवाड़े ने रूद्री स्थित जीवन संध्या वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने उपस्थित बजुर्गों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को फल वितरण भी किया। मंत्री श्रीमती रजवाड़े ने आश्रम में बुजुर्गों के भोजन, मनोरंजन, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं के बारे में भी पूछा। श्रीमती रजवाड़े ने वृद्धजनों को पौष्टिक भोजन कराने, उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने, बीमार वृद्धों का समय पर समुचित इलाज कराने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर संचालक समाज कल्याण श्रीमती रोक्तिमा यादव, महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
घरकन की जांच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतो की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

